an>

Title: Need to set up an Academy of Tribal Culture in Tripura East Parliamentary Constituency in Tripura -laid.

श्री रेबती त्रिपुरा (त्रिपुरा पूर्व): मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि मेरे संसदीय क्षेत्र त्रिपुरा ईस्ट में जनजातियों के सांस्कृतिक संरक्षण एवं विकास के लिए जनजाति कल्चर अकादमी की स्थापना किया जाए । त्रिपुरा में 19 कम्युनिटी हैं । पुरातन काल से सभी की भाषा, संस्कृति काफी उन्नत रही है एवं सभी के विचार में भी समानता है । संगीतकार एस.डी. बर्मन, आर.डी. बर्मन एवं हाल ही में पद्मश्री से सम्मानित बेनी चन्द्र जमातियाँ, श्री ठन्गा डारलांग इन सभी लोगों ने जनजातियों के सांस्कृतिक जीवन एवं राष्ट्र समर्पण के भाव की पूरे देश को अनुभूति करायी है ।

मैं केन्द्र सरकार से अपील करता हूँ कि त्रिपुरा जनजाति कल्चर अकादमी की स्थापना से जनजातियों की संस्कृति, लेखन एवं कला का स्थान विश्व पटल पर होगा तथा इससे जनजातियों के आने वाली पीढ़ी के लिए विश्व पटल पर अपनी कला संस्कृति को प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा साथ-साथ उनका सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास होगा ।